भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 1351

दिनांक 30.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय ट्रक चालकों की गिरफ्तारी एवं निर्वासन

1351 # श्री नीरज डांगी:

क्या ***विदेश*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि 'ऑपरेशन चेकमेट' के अंतर्गत हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका की बॉर्डर पेट्रोल द्वारा 36 सेमी-ट्रक चालकों सहित 52 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 30 भारतीय नागरिक थे;

(ख) क्या सरकार ने संयुक्त राज्य अमेरिका के अधिकारियों से इन 30 भारतीय नागरिकों का ब्यौरा प्राप्त किया गया है, जिसमें उनके गृह राज्य/जिले और उनके परिवारों का ब्यौरा शामिल है;

(ग) यदि हां, तो निर्वासन के पश्चात उनके पुनर्वास/पुन:एकीकरण हेतु क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(घ) क्या इन गिरफ्तारियों से पूर्व भारतीय दूतावास/वाणिज्य दूतावास को सूचित किया गया था; और

(ङ) इन भारतीय नागरिकों को कानूनी सहायता और कांसुलर सहायता संबंधी सुलभता प्रदान करने हेतु क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क से ङ) यू.एस. कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन (सीबीपी) द्वारा दिनांक 1 जून 2026 को जारी की गई जानकारी के अनुसार, 11-15 मई 2026 के सप्ताह के दौरान, यू.एस. बॉर्डर पेट्रोल एजेंटों ने "ऑपरेशन चेकमेट" के दौरान अरिजोना राज्य में 52 व्यक्तियों, जिनमें से 36 सेमी-ट्रक चालक थे, को कथित तौर पर अवैध रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने के कारण गिरफ्तार किया। अमेरिका द्वारा दिए गए वक्तव्य में बताया गया है कि इनमें से 30 व्यक्ति भारतीय नागरिक थे और उन पर अमेरिकी संघीय कानून के अनुरूप कार्रवाई की गई थी और उन्हें निर्वासित कर दिया जाएगा।

"ऑपरेशन चेकमेट" अमेरिकी प्राधिकारियों द्वारा की गई एक प्रवर्तन कार्रवाई थी और विदेश मंत्रालय को इस ऑपरेशन के विषय में कोई पूर्व सूचना नहीं थी। तथापि, इन व्यक्तियों की हिरासत/गिरफ्तारी के संबंध में रिपोर्ट आने के तुरंत बाद, मंत्रालय ने वाशिंगटन, डीसी में स्थित भारतीय दूतावास के

माध्यम से संबंधित अमेरिकी प्राधिकारियों के साथ मामले को उठाया और उनके नाम, विवरण और अन्य संगत जानकारी मांगी। भारत सरकार संबंधित व्यक्तियों की पहचान और विवरण के संबंध में यू.एस. सीबीपी से पुष्टि की प्रतीक्षा कर रही है।

*****